भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4933

01.04.2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन

4933. श्रीमती रक्षा निखिल खाडसे:
श्री मनोज कोटक:

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या जर्मनी के म्यूनिख में आयोजित म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में हाल ही में हुए आदान-प्रदान के दौरान असंवहनीय बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के वित्तपोषण के मुद्दों को उठाया गया था; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त सम्मेलन की समीक्षा के क्या परिणाम रहे?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

(श्री वी. मुरलीधरन)

(क) और (ख) जी, हां। म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन (एमएससी) अंतरराष्ट्रीय विदेश एवं सुरक्षा नीति मामलों पर उच्च-स्तरीय विचार-विमर्श करने हेतु एक मंच है। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने 18-20 फरवरी, 2022 को म्यूनिख, जर्मनी में आयोजित म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन, 2022 में भाग लिया जहां उन्होंने "एक पूर्ण परिवर्तन? भारत-प्रशांत पर क्षेत्रीय कानून व्यवस्था और सुरक्षा" नामक विषय पर हुई पैनल वार्ता में अपना वक्तव्य दिया।

हालांकि पैनल वार्ता मुख्य रूप से भारत-प्रशांत पर केन्द्रित थी, विदेश मंत्री ने अस्थाई अवसंरचना परियोजना पर वित्त-पोषण के मुद्दे को उठाया, जिसमें विदेश मंत्री ने व्यावसायिक रूप से स्थाई अवसंरचना परियोजनाओं के महत्व पर जोर दिया।

***